# आएगा मेरा श्याम लीले चढ़ करके | by Sardar Romi

दिल से जैकारा बोलो संकट में कभी ना डोलो
पकड़ेगा तेरा हाथ सांवरा बढ़ करके
आएगा मेरा श्याम लीले चढ़ करके
लीले चढ़ करके ओ लीले चढ़ करके.....
आएगा मेरा श्याम लीले चढ़ करके

मेरे श्याम का एक जयकारा कितनो को पार उतारा
दिल से जब कोई पुकारा हारे का बना सहारा
करता भक्तों की रखवाली अड़ करके
आएगा मेरा श्याम लीले चढ़ करके

कलयुग का देव निराला मेरा बाबा खाटूवाला
है देव बड़ा दिलवाला खोले किस्मत का ताला
तोड़ दे कड़की का ये ताला कड करके
आएगा मेरा श्याम लीले चढ़ करके

चल बन जा श्याम दीवाना ये जाने प्रीत निभाना
हीरे मोती से ना भरमाना दो भक्ति के फूल चढ़ाना
कभी बुलाना ना तू रोमी अकड़ करके
आएगा मेरा श्याम लीले चढ़ करके

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b2%e0%a5%80%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%a2%e0%a4%bc-%e0%a4%95/